दिनांक 10 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सफाई व्यवस्था का करें प्रतिदिन निरीक्षण , उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बैठक लेकर दिए निर्देश

भिलाईनगर/ स्वच्छता को लेकर आज निगम कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक हुई! प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी ने समस्त जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर की बैठक लेकर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्थलों, सड़क किनारे के स्थलों कि निरंतर सफाई कराने के निर्देश दिए है तथा जोन आयुक्तों को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कहा.है!

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही बरतने वाले के विरुद्ध सीधे कार्यवाही की जावेगी! श्री द्विवेदी ने वार्ड के सुपरवाइजरो की बारी-बारी से समीक्षा की एवं उनके वार्ड में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए! स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के निर्धारित पैमानों में शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों का सुबह एवं शाम को सफाई , आवासीय क्षेत्रों के सफाई , धूल मुक्त शहर , पब्लिक फीडबैक, आदि पर अंक निर्धारित किये गये हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण का सर्वाधिक अंक कचरा संग्रहण एवं परिवहन तथा उसके निपटान पर निर्धारित किये गये है। स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर में प्रतिबंधित पालिथीन, कैरीबैग पर निगम भिलाई टीम बनाकर छापामार कार्यवाही लगातार कर रही है। भवनों से निकलने वाले मलबों (निर्माण एवं विध्वंस) का निपटान पुर्नचक्रीकरण पद्धति से किया जा रहा है। श्री द्विवेदी ने आज की बैठक में कचरा पृथक्करण केंद्रों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा ऐसे एसएलआरएम सेंटर जोकि प्रारंभ करने योग्य है उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं!

जनसम्पर्क अधिकारी